सार-समाचार

उत्कृष्ट कार्य करने पर अरविन्द कुमार सम्मानित

झुंझुनूं, (निसं)। चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 बाल अधिकारिता विभाग में परामर्शदाता के पद पर कार्यरत अरविन्द कुमार द्वारा एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर राष्ट्र एवं समाज हित में उत्कृष्ट कार्य करने तथा अपनी समर्पित सेवाएं देने पर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी जयपुर द्वारा एचसीएम रीपा जयपुर में हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्रसिंह खींवसर, प्रमुख स्वास्थ्य सचिव गायत्री राठौड, आरएसएसीएस के अतिरिक्त परियोजना निदेशक व निदेशक एड्स कंट्रोल प्रोग्राम डॉ. सुशील कुमार परमार द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद कुमार ओला ने परामर्शदाता अरविंद कुमार के उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसी क्रम में समस्त कार्मिक बाल अधिकारिता विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल अधिकारिता विभाग के समस्त कार्मिकों ने चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के परामर्शदाता के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनां की एवं कार्यलय पहुंचने पर समस्त कार्मिकों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

बीदासर (निसं)। निकटवर्ती ग्राम ढाणी कुम्हारान के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को अध्यापिका प्रीति प्रजापत की प्रेरणा से भामाशाह सागरमल सोकल के सहयोग से जरूरतमंद 50 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम गर्मजोशी और सौहार्द्र के साथ आयोजित किया गया। ठंड के मौसम में बच्चों को राहत देने की यह पहल समाज की संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों का सुंदर उदाहरण है। इस अवसर पर पत्रकार महेश भोभरिया भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सामाजिक पहल को सराहा और इसे शिक्षा व समाज के बीच मजबूत सेतु बताया। उनके अनुसार ऐसे कार्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और समाज को शिक्षा की ओर और अधिक जागरूक बनाते हैं। विद्यालय परिवार ने भामाशाह सोकल और सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की सेवाभावी गतिविधियां बच्चों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरती है। स्वेटर वितरण कार्यक्रम में संस्था प्रधान घनश्याम, सीता आमलिया, राकेश भामू, राकेश नाथ, दरिया सिंह डांगी, ब्रह्मदत्त सैनी,अजय शर्मा, रोहिताश राठौड, कुलदीप पाकड, चन्द्रप्रकाश उपस्थित थे।

'रतनगढ़ स्टेशन रोड का आधुनिक सौंदर्यीकरण होगा'

रतनगढ़ (निसं)। नगर पालिका रतनगढ़ द्वारा शहर के व्यस्ततमस्टेशन रोडको आकर्षक और आधुनिक स्वरूप देने के लिएकरीब 25 लाख रुपयेकी सौंदर्यीकरण परियोजना स्वीकृत की गई है। इस योजना के अंतर्गत सड़क के दोनों ओरग्रीन पट्टी, सुन्दर पौधारोपण तथा डिवाइडर पर 24 आधुनिक पोल लगाए जाएंगे, जिससे पूरी रोड दूधिया रोशनी से चमकेगी। पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत ने कहा कि स्टेशन रोड शहर की पहचान है और इसका सुंदर व सुरक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह योजना रतनगढ को व्यवस्थित और आधुनिक शहरों की श्रेणी में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अधिशासी अधिकारीडॉ. सहदेव चारण ने कहा कि कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र शुरू किया जाएगा तथा निर्धारित समय में पूरा किया जाएगा।

रतनगढ़ बार संघ अध्यक्ष पद के चुनाव 12 को

रतनगढ़ (निसं)। अभिभाषक संघ रतनगढ में अध्यक्ष पद के चुनाव की तारीख घोषित कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी जगदीश प्रसाद स्वामी एडवोकेट द्वारा जारी नोटिस के अनुसार चुनाव 12 दिसंबर 2025 को संपन्न होंगे। संघ के वर्ष 2026 के लिए घोषित चुनाव कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को शाम 4:15 बजे किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु नामांकन 10 दिसंबर 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक लिए जाएंगे। नामांकन वापसी उसी दिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट शशिकांत शर्मा ने जानकारी दी कि मतदान 12 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।मतदान समाप्त होते ही मतगणना शुरू कर दी जाएगी और मतगणना पूर्ण होते ही परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

गोगामेड़ी की दूसरी पुण्यतिथि मनाई

चूरू, (कासं)। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना अमर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. सुखदेव सिंह गोगामेडी की दूसरी पुण्यतिथि जिला कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और नन्दनी गौ सेवा समिति चूरू में गौ पुत्रों को गुड खिलाकर गौ माता की सेवा का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ढाढर, भाईचारा कमेठी अध्यक्ष नवरत्न शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अलोक सिंह, जिला संयोजक पूर्ण सिंह, जिला सचिव पंकज सिंह, कानूनी सलाहकार नरेश सिंह, जितेंद्र सिंह, हरि सिंह, विक्रम सिंह राजवी, कुलदीप सिंह, प्रदीप सिंह कुसुम्बी, उज्वल सिंह, सम्पत सिंह रायपुरिया आदि सहित समाज के लोगों ने उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। यही श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का उद्देश्य है।

पेंशनर्स समस्या-समाधान शिविर आयोजित

सीकर (निसं)। कोषाधिकारी, सीकर विक्रम सिंह भूकर ने बताया कि कोष कार्यालय सीकर में शुक्रवार को पेंशनर्स के समस्या समाधान शिविर का आयोजन कर परिवेदनाओं का निस्तारण किया गया। प्रियंका वर्मा उप निदेशक निदेशालय पेंशन विभाग जयपुर व जिला कोषाधिकारी, विक्रम सिंह भूकर के अनुसार प्राप्त परिवेदनाओं शिकायतों का निस्तारण किया गया। जन्म तिथि, नाम संशोधन, पेंशन संशोधन, बकाया एरियर का भुगतान आदि दूर-दराज क्षेत्र से आने वाले पेंशनर्स ने निदेशालय पेंशन व पेंशनर्स कल्याण विभाग राजस्थान द्वारा समय-समय पर आयोजित किये जाने वाले इस शिविर की उपयोगिता पर बल दिया।

छात्रा चेष्टा का राष्ट्रीय कविता वाचन स्पर्धा में टॉप 100 प्रतिभागियों में चयन

झुंझुनूं, (निसं)। भारत सरकार के बौद्धिक संमदा कार्यालय के द्वारा आयोजित हुई स्कूली विद्यार्थियों की मौलिक कविता प्रतियोगिता में स्कूल की छात्रा कक्षा तीन की चेष्टा जांगिड को बाल कवियित्री के रूप में टॉप 100 में स्थान मिला है। प्रधानाचार्य डॉ. सतबीर सिंह ने बताया कि छात्रा की कविता ऑपरेशन सिंदूर पर एक शानदार व दमदार कृति है। जिसका वीडियो बनाकर अब भेज दिया गया है। ताकि आगे के मूल्यांकन का हिस्सा बन सके। विजेता का विद्यालय में सम्मान किया गया। संस्था सचिव बीएल रणवां, ऑवर ऑल इंचार्ज लीलावती एवं समस्त स्टाफ ने छात्रा को हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ब्लड डोनेशन एवं श्रद्धांजलि सभा कल

झुंझुनूं, (निसं)। सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले आवाम ग्रुप झुंझुनूं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आवाम ग्रुप के सदस्य सीताराम बास बुडाना एवं संदीप टंडन ने बताया कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य पर सात दिसंबर रविवार को सुबह 9:30 बजे अंबेडकर भवन के पास समाज कल्याण छात्रावास झुंझुनूं में विशाल रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। रक्त संग्रहण का कार्य बीडीके ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया जाएगा।

आठवीं तक के बच्चों को स्वेटर बांटे

तारानगर (निसं)। तारानगर के निकटवर्ती गाँव रेडी की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूलाल बुनकर के नेतृत्व में विद्यालय स्टाफ ने आठवीं कक्षा तक के 62 बच्चों को स्वेटर वितरित की। इस मोके पर प्रदीप सिंह राठौड, प्रेम कुमार गौड, एडवोकेट मुकेश शर्मा, विक्रम सिँह राठौड, अमृत सिंह, बंशीराम कस्वां, सुशील मेहडा, सत्यपाल सिँह, पूजा गहलोत सहित विद्यालय स्टाफ, बच्चे व ग्रामीण मौजूद रहे।

निर्वाण दिवस पर संगोष्ठी कल

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर 6 दिसंबर शनिवार को शाम 4 बजे स्थानीय अंबेडकर भवन में डॉ. अंबेडकर विचार मंच के तत्वाधान में संगोष्ठी का आयोजन होगा। इसमें दलितों के दशा व दिशा पर मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष हरलाल महरिया, जिलाध्यक्ष अर्जुनलाल वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष हरफूल सिंह कसवाली प्रमुख वक्ता होंगे।

अपनी जन्मभूमि के लिए डॉ. सतीश पूनियां की बड़ी सौगात

चूरू/जयपुर, (निसं)। भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अपनी जन्मभूमि चूरू के बेवड गांव में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय भवन के शिलान्यास समारोह में पूजा-अर्चना कर नये भवन की नींव रखी।

डॉ. सतीश पूनिया ने चूरू के बेवड़ गांव में विद्यालय भवन का शिलान्यास किया।

सतीश पूनियां ने अपनी जन्मभूमि बेवड़ गांव में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि, जिस गांव में मेरा जन्म हुआ, उस गांव की धरती पर मुझे विद्यालय का शिलान्यास करने का सौभाग्य मिला; यह इस माटी के तप और आप सभी के आशीर्वाद से संभव हुआ है, यह मेरे लिए अत्यधिक खुशी और गौरव का क्षण है। सतीश पूनियां ने कहा कि मेरा हमेशा प्रयत्न रहा कि जन्मभूमि से लेकर कर्मभूमि और मेरे पूरे प्रदेश का विकास हो और इसी क्रम में हमेशा मेरे मन में यह संकल्प रहा कि मेरा गांव बेवड और मेरा जिला चूरू भी शिक्षा, चिकित्सा, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में अग्रणी बने, यह कोशिश हमेशा करता रहूंगा।

उन्होंने कहा कि, जीवन में मैंने संघर्ष और कठिनाइयां देखीं हैं, 1982 में बड़े भाई का निधन और 1987 में पिताजी का चले जाना यह मेरे लिए बहुत दुखद घड़ी थी, लेकिन इन तमाम कठिनाइयों के बावजूद राष्ट्रवाद के विचार को समर्पित होकर जन्मभूमि से लेकर प्रदेश के विकास का लक्ष्य हमेशा मेरे मन में रहा, जिसके लिए निरंतर परिश्रम करता हूँ।

लोग भले यह सोचते हों कि सतीश पूनियां ने जो पिछले 40 वर्षों में राजनीति को लेकर संघर्ष और परिश्रम किया उसका फल मिला कि नहीं मिला, लेकिन मैं इस बात से संतुष्ट हूं कि पूरे राजस्थान में पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता का मुझे भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिलता है, इस बात पर मुझे हमेशा गर्व है, यही मेरी सबसे बडी पूंजी है।

उन्होंने कहा कि विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार और राजस्थान की भाजपा सरकार का हार्दिक अभिनंदन और आभार व्यक्त करता हूं कि मेरी जन्मभूमि के विद्यालय भवन के नये निर्माण के लिये बजट जारी किया, जिससे यह सुंदर और व्यवस्थित भवन बनकर तैयार होगा, जो हमारे प्रदेश और देश के भविष्य की युवा पीढ़ी के लिए शिक्षा की अलख जगाएगा।

कार्यक्रम में पद्मभूषण देवेंद्र झाझरिया, सुमित्रा पूनिया, सुरेंद्र सिंह राठौड, समाजसेवी डॉक्टर रण सिंह जांगिड, सुरेंद्र स्वामी, लोकराम मेघवाल, मानसिंह राठौड, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुमन जाखड इत्यादि सहित प्रमुख गणमान्य लोग, पार्टी पदाधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।

हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग, थाने के बाहर धरना दिया

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर में गुरुवार को जोरावरपुरा फांटे के पास स्थित थामडा जोहडे में बने एक कुंड में प्लास्टिक के कट्टे में अज्ञात मिला का शव मिलने से सनसनी फैल गयी थी। पुलिस ने लगातार महिला के पहचान में जुटी रही।

शुक्रवार को अज्ञात महिला की शिनाख्त काफी मशक्कत के बाद बिरजू देवी मेघवाल (40) हरासर के रूप में हुई। मृतका के दो लड़के व एक लड़की है परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर शव लेने से इनकार कर दिया पुलिस के द्वारा बार बार समझाइश की गई लेकिन परिजन अपनी मांग पर अडिग रहे।

उन्होंने थाने के बाहर पुलिस की लापरवाही बताते हुए कहा कि 11 नवम्बर को महिला की गुमशुदगी बीदासर थाने में दर्ज करवाई गई थी लेकिन पुलिस ने एमपीआर लिखकर उसको नजर अंदाज़ कर दिया परिजनों ने पुलिस के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए नारेबाजी भी की तथा थाने के बाहर मांगो को लेकर धरने पर बैठ गए।

करीब 1 घण्टे के बाद सुजानगढ एडिशनल एसपी दिनेश कुमार, बीदासर डीएसपी नेमीचंद, सीआई दिलीप सिंह, राजलदेसर सीआई सुरेंद्र बारूपाल ने धरने पर बैठे परिजनों से काफी समय तक बातचीत को लेकर सहमति बनी। तब जाकर देर शाम को महिला का पोस्टमार्टम करवाया गया। मृतका के बड़े बेटे गौतम पुत्र स्व पूनाराम जाति मेघवाल निवासी हरासर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए कहा कि मेरी माता बिरजु देवी पत्नी स्व. पूनाराम का हंसराज पुत्र भोलूराम मेघवाल निवासी परसनेऊ के साथ परिवार से छुपकर प्रेम संबंध चल रहा था जिसके संबंध में परिवार में करीब दो माह पहले पता तब चला जब हंसराज मध्य रात्रि को घर में घुसा व मेरी माता का अपहरण कर अपने साथ ले जाने लगा, तभी उसे पकड लिया गया और पुलिस में देने का विचार किया, लेकिन दोनों ने अपनी-अपनी गलती मान ली व आगे से ऐसी किसी घटना का नहीं होने का आश्वासन दिया एवं परिवार समाज में बदनामी के डर से इस घटना की कोई लिखित रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई।

जिसके बाद कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक रहा, किन्तु हंसराज अपनी हरकतों से बाज नहीं आया और लगातार छुपकर मेरी माता से संपर्क में रहा,एक दिन जब मेरी माता के मोबाईल से इस बारे में मुझे पुन: पता चला तो मैनें फिर से परिवार को इस बारे में बताया तो परिवार जनों ने हंसराज को फिर से समझाईश का प्रयास किया और हंसराज की पत्नी चम्पा देवी को भी बताया लेकिन इस बार हंसराज व उसकी पत्नी चम्पादेवी उल्टी धमकी देते हुए कहने लगे कि तुम लोग पहले बिरजू देवी को समझाओं, और हंसराज ने कहा कि एक ना एक दिन मैं बिरजू देवी को भगाकर ले जाऊंगा, तुमसे जो बन पडे कर लेना,जिसमें अप्रार्थी की पत्नी चम्पा देवी भी उसका पूरा सहयोग कर रही थी।

धमकियों को हमने एक ही समाज में सगे-संबंधि होने से दबाव के कारण टाल दिया। जिसके कारण हंसराज का हौसला दिनों दिन बढता ही गया। 7 नवम्बर को मेरी माता घर से ढिगारिया व बीदासर जाने का कहकर निकल गई और आखिरी में बीदासर से लापता चल रही है जिसके संबंध में मैंने 11 नवम्बर 2025 को मेरी माता के गुमशुदगी की रिपोर्ट भी पुलिस थाना बीदासर में दर्ज करवाई और मौखिक रूप से हंसराज के सबंध में सूचना दी, लेकिन पुलिसथाना बीदासर ने उक्त हंसराज के खिलाफ कोई कार्यवाहीं नहीं की ना ही कोई पूछताछ की।

तीन प्रमुख मांग को लेकर दिया था धरना:- मृतका के बडे बेटे गौतम सहित परिजनों ने लिखित में तीन मांग रखी कहा कि हत्या के संबंध में जो भी दोषी है उनको जल्द से जल्द 24 घंटे में गिरफ्तार किया जाए तथा मुआवजा दिया जाए जाएं ,गुमसुदगी दर्ज करने बाद कार्यवाही नहीं करने पर सम्बंधित पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर सैकड़ों संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

आईटीबीपी में नौकरी का झांसा देकर 15.70 लाख रुपए ठगने का आरोपी गिरफ्तार

पचेरी, (निसं)। आईटीबीपी में नौकरी लगवाने के नाम पर तीन युवकों से 15 लाख 70 हजार रुपए ठगने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी फर्जी जॉइनिंग लेटर बनाकर पीड़ितों को धोखा देता था। पुलिस थाना पचेरी कलां में छह अक्टूबर को राजेश कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी पचेरी कलां (बुहाना) की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था।

शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने राजेश कुमार, मनीष कुमार और विकास कुमार नाम के तीन युवकों से आईटीबीपी में भर्ती करवाने के नाम पर कुल 15 लाख 70 हजार रुपए ले लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र ई-मेल/व्हाट्सएप पर भेज दिए।

जब युवक जॉइनिंग के लिए गए तो पता चला कि सभी दस्तावेज नकली हैं।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर थानाधिकारी बनवारीलाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने बैंक रिकॉर्ड, तकनीकी साक्ष्य और अन्य दस्तावेज जुटाए।

जांच में मुख्य आरोपी रूद्रनारायण की भूमिका प्रमाणित हुई। आरोपी रूद्रनारायण इस समय किसी अन्य मामले में जयपुर सेंट्रल जेल में बंद था। पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर उसे प्राप्त किया और शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया है और पूछताछ जारी है।

पुलिस को संदेह है कि आरोपी ने इसी तरह कई अन्य लोगों को भी ठगा हो सकता है। टीम में बनवारीलाल थानाधिकारी, हैड कांस्टेबल विक्रम, कांस्टेबल बलकेश शामिल रहे।

विद्यालय को उच्च गुणवत्ता वाला आर.ओ.भेंट किया

पाटन (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पाटन में आज का दिन विशेष रहा जब वीर बैक एनिमल हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से विद्यालय को उच्च क्षमता वाला आर.ओ. वाटर प्यूरीफायर भेंट किया गया।

■ पाटन के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में वीर बैक एनिमल हेल्थकेयर प्रा. लि. का सराहनीय योगदान

कंपनी के प्रतिनिधि प्रदीप यादव विद्यालय परिसर पहुंचे और संस्थान को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु यह महत्वपूर्ण सौगात सौंपी।विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित भव्य सम्मान समारोह में कंपनी प्रतिनिधि प्रदीप यादव तथा अशोक यादव सुपर मेडिकल स्टोर पाटन का पारंपरिक माला एवं साफा पहनाकर हृदयपूर्वक सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेना से सेवानिवृत्त एवं प्रसिद्ध बॉक्सर जसवंत सिंह तंवर ने की। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में निजी संस्थाओं की ऐसी सहभागिता न केवल प्रेरणादायक है बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश गुर्जर ने वीर बैक एनिमल हेल्थकेयर प्रा. लि. का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल की सुविधा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में विकास समिति के अध्यक्ष संजय कुमावत बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। उप-प्राचार्य बाबूलाल सैनी ने अतिथियों का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया तथा उनके योगदान की सराहना की। समारोह के दौरान विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं छात्राओं ने कंपनी द्वारा किए गए इस सामाजिक कार्य के लिए हर्ष व्यक्त किया। समारोह उत्साह, सम्मान और कृतज्ञता की भावनाओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

डूंडलोद पहुंचे देशभर से 100 से अधिक घोड़ों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

नवलगढ़, (निसं)। डूंडलोद कस्बे में आरईपीसी पोलो ग्राउंड पर पहुंचे देशभर के 100 से अधिक घोडों का शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इन घोड़ों के बीच भारतीय घुडसवारी महासंघ के तत्वावधान में राजस्थान घुडसवारी संघ की ओर से शनिवार व रविवार को डूंडलोद में घुडसवारी के रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

शुक्रवार सुबह 40 किलोमीटर व 60 किलोमीटर दौड़ में भाग लेने वाले घोडों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ वजन भी किया गया। इसके बाद दोपहर तीन बजे घुडदौड के रूट का निरीक्षण किया गया तथा शाम पांच बजे सभी घुडसवारों को निर्णायक मंडल की ओर से प्रतियोगिता के नियमों संबंधी आवश्यक जानकारी व दिशा निर्देश दिए गए। शनिवार को 40 किलोमीटर राष्ट्रीय क्वालीफायर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी घुडसवार अपने घोडों के साथ सुबह सात बजे आरईपीसी पोलो ग्राउंड पहुंचेंगे। इसके बाद आठ बजे यह दौड़ शुरू होगी। रविवार को 60 किलोमीटर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का आयोजन होगा। इसके बाद सायं पांच बजे पुरस्कार वितरण व समापन समारोह शुरू होगा। चैम्पियनशिप के संयोजक व राजस्थान घुडसवारी संघ के अध्यक्ष रघुवेंद्र सिंह डूंडलोद ने बताया कि इक्वेस्ट्रियन खेलों में पुरूष व महिलाओं के अलग-अलग वर्ग नहीं होते। इसलिए घुडसवारी से संबंधित एंड्योरेंस, ड्रेसेज, जंपिंग, इवेंटिंग सहित सभी खेलों में महिलाओं व पुरूषों के बीच एक साथ मुकाबले होते हैं।



डूंडलोद कस्बे में आरईपीसी पोलो ग्राउंड पर पहुंचे देशभर के 100 से अधिक घोड़ों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सार-समाचार

तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा

बिसाऊ (निसं)। कस्बे के युथ लिडर इस्माइल तंवर ने शुक्रवार को बिसाऊ तहसिलदार के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा व अवगत करवाया की कस्बे व आसपास के गांवो के लोगों के आधार कार्ड में पता, जन्म दिनांक अपडेट करवाने जाते हैं तो आधार सेंटर पर बैठे कंप्यूटरो ऑपरेटरो द्वारा दस्तावेजों के नाम पर बार-बार परेशान किया जा रहा है। आधार कार्ड में नाम अपडेट करवाने के लिए जब दसवीं कक्षा के अंक तालिका लेकर जाते हैं तो उनसे जन्म प्रमाण पत्र मांगा जाता है व जब जन्म प्रमाण पत्र भी ऑपरेटर को उपलब्ध करवाते हैं तो साथ में डोकोमेंटस के रूप में मूल निवास की मांग और की जा रही है। इस्माइल ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र व दसवीं की अंक तालिका को वैलिड नहीं मानते हैं व कहते हैं की जन्म प्रमाण पत्र सिर्फ जन्म दिनांक का प्रमाण है। जबकि जन्म प्रमाण पत्र व दसवीं की अंक तालिका सबसे महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट है। जिनको आधार सेंटर वाले सभी आपरेटर नकार रहे हैं। इसी प्रकार की समस्याएं आधार अपडेट्स को लेकर आमजन को हो रही है। जबकि नियमानुसार कोई भी एक दस्तावेज आधार अपडेट के लिए मान्य है।तंवर ने तहसिलदार से निवेदन किया है कि आधार संसोधन के लिए जो भी डॉक्यूमेंट मान्य है उनकी एक सूची आधार कार्यालय में सार्वजनिक रूप से चश्मा की जाए ताकि आमजन को आधार अपडेट् करवाने के लिए बार-बार आधार केंद्रो के चक्कर न लगाने पडे। संबंधित विषय में नायब तहसीलदार ने इस्माइल तंवर को आश्वासन दिलाया कि संबंधित समस्या के समाधान के लिए संज्ञान लिया जाएगा।

जलवायु परिवर्तन पर कार्यशाला

झुंझुनूं, (निसं)। नूआं स्थित रामादेवी महिला पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आईक्यूएसी के तहत जलवायु परिवर्तन पर बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एनएसएस प्रभारी डॉ. नीतूसिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था चेयरमैन शिशुपाल पूनियां थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. आशा मिश्रा ने सभी को संबोधित किया और कहा कि जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण मानवीय गतिविधियां हैं। जैसे जीवाश्म ईंधन का जलना, जो ग्रीन हाउस गैसों को वायुमंडल में छोडता है और वनों की कटाई। इसके प्रभावों में अत्यधिक मौसम की घटनाएं जैसे बाढ, सूखा, तूफान, समुद्र के स्तर में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना और मानव स्वास्थ्य व कृषि पर नकारात्मक असर शामिल हैं। हमारे ग्रह पृथ्वी का तापमान लगातार बढ रहा है। सरकारों को इसमें नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त व मजबूत कदम उठाने होंगे। भूगोल विभागाध्यक्ष डिम्पल मील के नेतृत्व में छात्राओं ने जलवायु से संबंधित मॉडल बनाकर प्रदर्शनी भी लगाई। एनएसएस प्रभारी द्वितीय डॉ. नरेश नैण ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान आईक्यूएसी हैड डॉ. रमाकांत शर्मा, सतीश चौधरी, डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, नीतू शर्मा, अनीशा बानो, मनीषा मोदी, सुनिता जाखड, वंदना, गरिमा जोशी, संदीप सोऊ, विपिन, अशोक शर्मा सहित अन्य स्टाफ के सदस्य मौजूद थे।

स्टेट वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम की घोषणा

झुंझुनूं, (निसं)। जिला वालीबॉल संघ झुंझुनूं की ओर से स्टेट वालीबॉल के लिए टीम की घोषणा कर दी गई है। छात्र व छात्रा वर्ग की जूनियर स्टेट प्रतियोगिता डीडवाना के मौलासर में छह से आठ दिसंबर तक खेली जाएगी। छात्रा वर्ग की टीम के लिए उदयपुरवाटी निवासी मानवी टांक को कप्तान नियुक्त किया गया है। साथ ही टीम के लिए मैनेजर अंशु ढेवा, कोच विद्याधर जाखड व नाहर सिंह को नियुक्त किया गया है। जिला वालीबॉल संघ के सचिव महावीर सिंह जाखड ने बताया कि टीम में मानवी टांक कप्तान के अलावा मोनू ढेवा, अंजू कुमारी, अर्पिता कुमारी, ऋतिका, सीमा कुमारी, सोनम खैरवा, यविका, हंसिका जांगिड, कुंजन, शिक्षा व स्नेहलता को शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता के आधार पर नेशनल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को चयन किया जाएगा। इसी प्रकार संघ ने जूनियर छात्र वर्ग के लिए भी टीम की घोषणा कर दी है। टीम में सौरभ कस्वां को कप्तान नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सौरभसिंह, सजीतकुमार, सौरभ, अजयसिंह महला, अशोक नूनियां, अजय काला, इशान शर्मा, रोबिनसिंह, आशीषकुमार, राघव व विनीत मांजू को शामिल किया है।

टूटी हुई सड़क से आमजन परेशान

राजलदेसर (निसं)। कस्बे के थाना रोड स्टेडियम के पास वाली गली वार्ड नंबर 32 के लोगों के द्वारा पिछले करीब पांच साल से टूटी हुई सड़क पर चलने पर मजबूर हैं। वार्डवासी ताराचंद सोनी, जगदीश प्रजापत, भगवानाराम प्रजापत, कन्हैयालाल प्रजापत आदि ने बताया कि करीब आठ दस साल पहले गली में सड़क निर्माण हुआ था। कुछ समय बाद ही सड़क से बजरी कंकर निकल गए जिससे नहीं तो घरों के आगे से साफ़ सफाई कर सकते हैं। और मौहल्ले के बच्चे बुजुर्ग व्यक्तिओं का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है।

बावलिया बाबा का जन्मदिन मनाया

चिड़ावा, (निसं)। शुक्रवार को श्री हरि कीर्तन प्रभात फेरी परिवार द्वारा नित्य प्रतिदिन निकाले जाने वाली प्रभात फेरी के समापन उपरांत बावलिया बाबा का 179वां जन्मोत्सव मिल्क केक काटकर एवं बड़ों एवं टॉफी का प्रसाद लगाकर एवं 179 दीपक प्रज्ज्वलन कर बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिनमें पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सममेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष झंडीप्रसाद हिम्मतरामका, पूर्व चेयरमैन शंकरलाल वर्मा, सुरेश मालानी, प्रकाश मालानी, विपुल अग्रवाल, बृजेश वर्मा, पुरुषोत्तम पिचानवेवाला, शशिकांत तिवारी ,राकेश बजावावाला, आनंद खेतान, मोहन गाडाखेडावाला, महेश आजाद, अनिता चौधरी, सुमन मालानी सहित बडी संख्या में पुरुषों एवम महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 40/2025

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री नरेन्द्र सिंह भाटी पुत्र श्री सुमेर सिंह निवासी वार्ड नं. 03 कुठानिया पोस्ट-मोई पुरानी तहसील बुहाना जिला-झुंझुनूं ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास मंदिर श्री दोई माई कुठानिया थाम ग्राम-कुठानियां, पोस्ट-मोई पुरानी, तह.-बुहाना जिला झुंझुनूं में न्यास के चुनाव उपरान्त न्यासियो में हुए परिवर्तन को दर्ज अभिलेख हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस